

# देवजी पटेल

**Shri Devji Mansigram Patel JALORE-SIROHI**
Member of Parliament, Lok Sabha
Jalore-Sirohi (Rajasthan)Constituency Address
"Divine House" Near Divine International School,
jaloremp@gmail.com

| Devji M. Patel | |
|---|---|
| Member of the Lok Sabha for Jalore (Lok Sabha constituency) Jalore | |
| In office 2009–2014 | |
| In office 2014–2019 | |
| In office 2019–2024 | |
| Personal details | |
| Born | 25 September 1976<br>Jalore, Rajasthan, India |
| Nationality | Indian |
| Political party | Bharatiya Janata Party |

N.H-15, Tharad Road, Sanchore,
District Jalore - 343 041
Rajasthan, INDIA.
+91-2979-285888 +919414158488,
+91-9601448888

New Delhi Address
Bungalow No. 8, Mahadev Road,
New Delhi-110001
+91-11-23313450 +91-11-23313464
+91-9013180388

**देवजी मानसिंह पटेल** (जन्म: २५ सितम्बर १९७६) जालौर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से १६वीं लोकसभा में भाजपा सांसद हैं।[1] वो पन्द्रहवी लोकसभा में भी जालौर से ही निर्वाचित हुये थे।

## व्यक्तिगत जीवन

पटेल का जन्म २५ सितम्बर १९७६ जाजुसर, सांचोर, जालौर (राजस्थान) में हुआ। उनके पिता का नाम मानसिंह और माँ का नाम मीरादेवी है। उनका विवाह २८ अप्रैल १९९९ को इंडिरा से हुआ जिससे उनके १ पुत्र और एक पुत्री हैं।

## जन जन लोकप्रिय

देवजी पटेल राजस्थान के जालोर-सिरोही से सांसद है, देवजी पटेल की खास बात यही हैं कि वह किसी भी गरीब की सहायता करने में सबसे आगे रहते है, लोगो के लिए देवजी पटेल मसीहा हैं। जालोर सिरोही में एक बार बाढ़ आने पर वह खुद लोगो की मदद के लिए गांव गांव जा कर सभी की सहायता की थी।

## जीवनी

श्री देवजी पटेल राजस्थान प्रदेश में जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार संसद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। 16वीं लोकसभा चुनाव में जालोर-सिरोही (राजस्थान) संसदीय क्षेत्र से जनता के आशीर्वाद एवं कार्यकर्त्ताओं की मेहनत से रिकोर्ड मतों से जीत हासिल की। 15वीं लोकसभा कार्यकाल के दौरान संसद में सक्रियता के साथ राजस्थान के सांसदों में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा 16वीं लोकसभा में भी सर्वश्रेष्ठ सक्रिय पांच सांसदों की सूची में शामिल हैं। इन्होंने भारत के सक्रिय युवा सांसद के रूप में अपनी पहचान बनाई हैं।





## वर्तमान दायित्व

16वीं लोकसभा 2014 जालोर-सिरोही (राजस्थान) संसदीय क्षेत्र से संसद सदस्य निर्वाचित
सदस्य : स्थाई समिति – कोयला एवं इस्पात मंत्रालय
सदस्य : संसदीय परामर्शदात्री समिति – रेल मंत्रालय
सदस्य : लोकसभा की बैठकों से सदस्य की अनुपस्थिति संबंधी समिति
अध्यक्ष : जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति, जालोर & सिरोही
अध्यक्ष : एन.आर.एच.एम, जालोर & सिरोही
अध्यक्ष : बी.एस.एन.एल. दुरभाष सलाहकार समिति, सिरोही
अध्यक्ष : जिला स्तरीय बिजली समिति, जालोर & सिरोही

## विशेष उपलब्धियां

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-15 के सांचोर शहर में फोरलेन एवं टूलेन निर्माण करवाने के लिए केन्द्र सरकार से लगभग 72 करोड़ रूपये स्वीकृत करवाकर निर्माण करवाया गया
राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-14 की मरम्मत कार्य करवाया गया
जालोर जिला मुख्यालय पर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करवाई गई
क्षेत्र में 4 मुख्य मार्गो पर रेलवे आरओबी/आरयूबी ब्रिज निर्माण हेतु राशि उपलब्ध करवाई गई
नेहड़ क्षेत्र में केरिया क्रास बांध टुटने पर हुए फसलों के नुकसान का सर्वे करवाकर स्थानीय कास्तकारों को मुआवजा दिलवाया
आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के गंभीर बिमारी ईलाज के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई।
नर्मदा नहर का पानी क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई हेतु उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रूपयों की योजनाएं एफ.आर. , डी.आर. एवं ई.आर प्रोजेक्ट को गति प्रदान की
क्षेत्र के लगभग सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एम्बुलेंस सहित अत्याधुनिक मशिनरी उपब्ध करवाई गई
जालोर एवं सिरोही जिला मुख्यालय पर ट्रोमा सेंटर की स्थापना
बनास डेयरी गुजरात की सिरोही एवं जालोर क्षेत्र में ग्राम स्तर पर डेयरी की शाखाएं खोली गई
जालोर एवं माउंट आबू शहर में सिवरेज एवं माउंट आबू पर्यटक स्थल पर वर्षा जल निकासी हेतु 42 करोड़ रूपये की परियोजनाओं की स्वीकृति जारी करवाई गई
भीनमाल रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण करवाया गया
आबूरोड में आरओबी का निर्माण पूर्ण करवाया
जालोर-सिरोही जिला मुख्यालय को सीधा रेल सेवा से जोड़ने हेतु सर्वे
सांचोर में रेलवे आरक्षण केन्द्र की स्थापना
जालोर एवं आबूरोड रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाकर आवश्यक मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई
क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में तीन एमडीआर सड़क निर्माण की स्वीकृति
जालोर जिला मुख्यालय को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने हेतु सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति जारी करवाई गई
32सां नाला परियोजना की पुरजोर मांग रखते हुए मंत्री स्तर पर बातचीत करके मंत्री से दौरा करवाया गया
क्षेत्र के प्रत्येक ब्लाॅक स्तर पर मिनी फायर ब्रिगेड (दमकल) हेतु सांसद मद से राशि आवंटित

## पार्टी में दायित्व

वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य
राजस्थान विधानसभा चुनाव-2014 में भाजपा के स्टार प्रचार का दायित्व निभाया तथा पार्टी की सरकार बनी तथा जालोर एवं सिरोही जिले से 8 विधायकों में 7 पार्टी विधायकों ने जीत हासिल की
निकाय चुनाव में जैसलमेर नगर परिषद क्षेत्र से पार्टी के प्रभारी के रूप में जिम्मेवारी सौंपी गई , जहां संगठन के प्रत्याशियों को रिकोर्ड मतों से विजयश्री हासिल की तथा लंबे समय के बाद जैसलमेर में भारी बहुमत के साथ भाजपा का बोर्ड बना
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्णतया निभाते हुए महाराष्ट्र में पार्टी की सरकार बनी
राजस्थान में निकाय चुनाव एवं पंचायतीराज चुनाव के दौरान संसदीय क्षेत्र में शानदार नेत्तृव करते हुए स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों , जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से जालोर एवं सिरोही दोनो जिलों में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा का कमल खिलाने में सफल हुए